व्यवस्था करता है और बकाया आवश्यक मात्रा का आयात उसकी सलाह पर खनिज तथा धातु व्यापार निगम द्वारा किया जाता है।

(ग) स्टेनलैस स्टील के कोटे को विशेष-रूप से बेरोजगार शिक्षित व्यक्तियों को आवंटित करने की कोई प्रस्थापना नहीं है। तथापि, ऐसी किसी प्रस्थापना पर गुणावगुणों के आधार पर विचार किया जा सकता है।

Accumulation of Bales of Imported Cotton in Bombay.

*810. SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether lakhs of bales of imported cotton are piling up at ports in Bombay;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether such a huge stock has piled up at the ports because the textile mill owners have deliberately refused to take delivery; and

(d) whether this is a part of their play to secure more credits from Government ?

THE MINISTER OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION (SHRI MOHAN DHARIA): (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

हैन्ड प्रेस से छप हुये टिन के डिब्बों पर उत्पादन शुल्क

811. **श्री राम प्रकाश त्रिपाठी :** क्या वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हैन्ड प्रैस से छपे हुए टिन के डिब्बे बनाने वाले उद्योग पर फरवरी, 1977 से सम्बद्ध कानून में उपयुक्त संशोधन किये बिना 15 प्रतिशत उत्पादन शुल्क लगा दिये जाने के कारण यह उद्योग बन्द होने की स्थिति में आ गया है ; और

(ख) क्या सरकार का विचार टिन के डिब्बे बनाने वाले इस हैन्ड प्रैस उद्योग को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्यवाही करने का है ; और यदि हां, तो किस प्रकार।

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल): (क) और (ख). दिनांक 1-5-1970 को जारी की गई एक अधिसूचना द्वारा धातु के ऐसे डिब्बों को उत्पादन शुल्क से छूट दी गई थी "जिनके निर्माण में अथवा जिनके निर्माण के सिलसिले में, साधारणत: बिजली की सहायता से कोई प्रक्रिया नहीं की जाती हो"। पूर्वोक्त पद के अर्थ विस्तार की फरवरी 1977 में जांच की गई। कानूनी राय यह थी कि शीटों से बनाये जाने वाले धातु के ऐसे डिब्बे उपर्युक्त शुल्क से छूट पाने के हकदार नहीं है, जिन पर छपाई बिजली की सहायता से की जाती हो, और जो किसी निर्माता के लिए निर्दिष्ट अथवा विशिष्ट रूप से की गई हो, भले ही इस प्रकार के धातु के डिब्बों के निर्माण की शेष प्रक्रिया बिना बिजली की सहायता से की जाती हो। यह कानूनी सलाह प्राप्त होने पर, क्षेत्रीय अधिकारियों ने टिन के उन हैन्ड प्रेसड डिब्बों को, जिनके निर्माण में प्रयुक्त, उपर्युक्त प्रकार की, शीटों पर छपाई बिजली की सहायता से की जाती है, उत्पादन-शुल्क के तहत लाने की कार्यवाही की गई।

जैसा ऊपर बताया गया है, शुल्क से छूट देने वाली अधिसूचना के अर्थ-विस्तार के संबंध में कानूनी सलाह के कारण उक्त हाथ से चलायी जाने वाली मशीनों द्वारा उत्पादित धातु के डिब्बों पर शुल्क वसूल किया गया है। इससे स्पष्ट है कि संगत कानून में संशोधन करने का कोई प्रश्न नहीं है।

इन कारखानों से प्राप्त दरख्वास्तों पर विचार किया जा रहा है।

Implementation of Recommendation of Sivaraman Committee on Handlooms to be covered by Co-operatives.

*812. SHRI K. A. RAJAN: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether the Sivaraman Committee has recommended that at least 60 per cent